देहरादून, पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 88 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
कठिनाइयों का पहाड़



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 2 जुलाई 2020



PAGE 3 PUBLICATION

मौसम | अधिकतम 35.0° | न्यूनतम 26.0°

35414.45

2 अब श्रीलंका ने खेला चीन कार्ड

7 जडेजा सबसे मूल्यवान टेस्ट खिलाड़ी

## संक्षिप्त समाचार

### सीमा पर सुरक्षा हालात की समीक्षा करेंगे रक्षामंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख से सटे बॉर्डर पर चीन पीछे हटने को तैयार नहीं। एक के बाद दूसरे और तीसरे राउंड की बातचीत में भी चीन शांति की भाषा नहीं समझ रहा। उसने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल पर सेना की तैनाती बढ़ा दी है। भारत ने भी उसी लेवल पर फोर्सेज तैनात की हैं ताकि चीन की किसी भी हरकत का फौरन मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। यारियां परखने के लिए शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लेह जा रहे हैं। उनके साथ आर्मी चीफ जनरल मनोज मुकुंद नरवणे भी होंगे।

### कोरोना केस 5 लाख 85 हजार पार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। देश में आज से अनलॉक 2.0 शुरू हो चुका है। इस बीच कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या भी लगातार तेजी से बढ़ रही है। राजधानी दिल्ली और मुंबई के कारण टेंशन बढ़ रही है। केंद्र सरकार के आंकड़े के अनुसार देश में अबतक कोरोना मरीजों की संख्या 5,85,493 पहुंच गई। इस जानलेवा वायरस ने 17,400 लोगों की जान ले ली है। फिलहाल 2,20,114 केस ऐक्टिव वहीं 3,47,979 मरीज ठीक हो चुके हैं। कोरोना के कारण पिछले 24 घंटे में 507 लोगों की मौत हुई है जबकि 18,563 नए केस सामने आए हैं।

### पहले 100 में 31, अब 13 मिलते हैं पॉजिटिवः केजरीवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जिस भयावह तस्वीर का अंदाजा लगाया जा रहा था अब हालात वैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अब टेस्टिंग में उतने पॉजिटिव मरीज नहीं आते जितना पहले आते थे। केजरीवाल बोले कि पहले लग रहा था कि 30 जून तक दिल्ली में एक लाख केस होंगे। लेकिन ऐसा नहीं है।

# सरकार बोली, कोरोनिल बेचे पतंजलि

### आयुष मंत्रालय और पतंजलि में कोई मतभेद नही

## बाबा रामदेव का कोरोनिल पर उठाए जा रहे सवालों पर पलटवार

**संवाददाता**

देहरादून। योग गुरु रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद ने आज कहा कि आयुष मंत्रालय ने उसकी दवा कोरोनिल को बेचने पर कोई पाबंदी नहीं लगाई है। कंपनी ने हाल में कोरोना के इलाज के लिए कोरोनिल नाम से दवा लॉन्च की थी। हालांकि कंपनी अब इसे कोरोना की दवा नहीं बता रही है, बल्कि उसका कहना है कि यह बीमारी को मैनेज करने के लिए एक उत्पाद है। इस बीच आयुष मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि पतंजलि इस उत्पाद को बेच सकती है लेकिन कोरोना के इलाज की दवा के रूप में नहीं। मंत्रालय ने कहा कि उसने केवल इम्युनिटी बढ़ाने के लिए इस खास फॉर्म्युलेशन को बेचने की अनुमति दी है। कोविड-19 के इलाज में काम आने वाली दवा के रूप में इसकी अनुमति नहीं दी गई है।

बाबा रामदेव की कोरोना के इलाज को लेकर बनाई गई कोरोनिल दवा को लेकर विवाद हो गया था। विवादों के बाद बाबा रामदेव बुधवार को सामने आए और उन्होंने इस मामले में सफाई दी। उन्होंने कहा कि उनके पास आयुष मंत्रालय का जवाब आया है। उन्होंने उनकी पहल की प्रशंसा की है। उन्होंने सारे प्रोटोकॉल पूरे करते हुए ट्रायल किया है। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ आपराधिक केस दर्ज कराए गईं, ऐसा लगा कि आयुर्वेद पर काम करना गुनाह हो गया है। उन्हें आतंकवादी बताओ या देशद्रोही लेकिन उन्होंने आयुर्वेद पर काम किया है, करते रहेंगे।

बाबा रामदेव ने कहा कि पतंजलि ने प्रोटोकॉल नहीं बनाए। जो सरकारी प्रोटोकॉल बनाए गए हैं, उसी के आधार पर उन्होंने ट्रायल किया है। प्रोटोकॉल के सारे नियमों का पालन किया गया। रजिस्ट्रेशन के लिए, रजिस्ट्रेशन के नियमों का पालन किया गया। दवा को लेकर बेकार में विवाद हो रहा है।



### घर-घर तक पहुंचेगी श्वासारी कोरोनिल किट

बाबा रामदेव ने कहा कि कोरोनिल और श्वासारी वटी से मरीज ठीक हो रहे हैं। पतंजलि इसे घर-घर तक पहुंचाएगा। इसके लिए ऑर्डर मी ऐप का ट्रायल चल रहा है, जिसे जल्द लॉन्च कर दिया जाएगा। कोरोना पीड़ित मरीज श्वासारी और कोरोनिल खाकर इम्यूनिटी बढ़ा सकेंगे। इधर, पतंजलि ने आयुष मंत्रालय के हस्तक्षेप के बाद कोरोना किट की जगह इसका नाम बदलकर श्वासारि कोरोनिल किट रखा है। बाजार में यह दवाइयां सभी प्रमुख स्टोरों पर उपलब्ध करा दी गई हैं। किट की कीमत 535 रुपये रखी गई है।

### टाइ पहनने वालों में हड़कंप

बाबा ने कहा कि क्लीनिकल ट्रायल का डाटा सामने रखा तो हंगामा हो गया। भूकंप आ गया। पूरी दुनिया हिल गई। टाइ पहनने वाले रिसर्च करते थे। उन्हें लग रहा है कि लंगोटी पहनने वाले कब से रिसर्च करने लगे। उन लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। सामंतवादी सोच है कि वेद पढ़ा हुआ संन्यासी कैसे रिसर्च कर सकता है। क्लीनिकल ट्रायल के लिए 10000 करोड़ का इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया है।

**पतंजलि जान बचाने का काम करता है लेने का नहीं:** बाबा रामदेव ने कहा कि कोरोनिल में गिलोय, अश्वगंधा और तुलसी का संतुलित मात्रा में मिश्रण है। कोरोनिल और श्वसारि का संयुक्त ट्रायल किया हुआ है। हमने इसको अलग-अलग ट्राई नहीं किया है। पतंजलि जान बचाने का काम करता है, जान लेने का नहीं।

# जम्मू-कश्मीर में आतंक की सबसे भयावह तस्वीर

## सोपोर में आंतकी हमले में सीआरपीएफ का एक जवान शहीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सीआरपीएफ की टीम पर आतंकी हमले में एक जवान बलिदान हो गया, जबकि एक नागरिक की भी मौत हो गई। दो जवान गंभीर रूप से घायल हैं जबकि एक जवान को मामूली चोट आई है। उत्तरी कश्मीर में सोपोर के रेबन मॉडल टाउन में आतंकियों ने सुरक्षा बलों पर हमला किया है। तीन जवान और एक आम आदमी जख्मी बताया जा रहा है। आतंकियों ने पुलवामा में पोस्ट ऑफिस के पास सीआरपीएफ की 183वीं वाहिनी के जवानों पर ग्रेनेड से हमला किया हैं।

जानकारी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सीआरपीएफ की टीम पर आतंकी हमले में कई जवानों के जख्मी होने की खबर है। इसके अलावा घायल सीआरपीएफ कर्मियों में से एक जवान ने अस्पताल में दम तोड़ दिया है। एक नागरिक की भी मौत हो गई है। मारे गए नागरिक की पहचान बशीर अहमद के रूप में हुई है वह मुस्तफा कॉलोनी एचएमटी शहर का रहने वाला था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार, सोपोर में आतंकवादी हमले के दौरान गोलियों की चपेट में आने से पुलिस ने एक 3 साल के बच्चे को बचाया है।



दादा के शव पर बैठा मासूम

जम्मू-कश्मीर में आतंक की यह सबसे भयावह तस्वीर है। आतंकियों की गोली से छलनी दादा के सीने पर बैठे पोते की तस्वीर ने सबको हिलाकर रख दिया है। मासूम बच्चा इस उम्मीद में दादा की छाती पर बैठा है कि दादा उठकर उसे घर लेकर चलेंगे।

### 12 घंटे की बातचीत से जमीन पर कोई असर नही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। पूर्वी लद्दाख में चीन से सटे बॉर्डर पर तनाव जल्द खत्म होता नजर नहीं आ रहा। सीनियर मिलिट्री लेवल कमांडर्स मीटिंग में डी-एस्केलेशन पर सहमति तो बनी है, मगर अभी लंबी बातचीत की जरूरत है। सूत्रों ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच करीब 12 घंटे की बैठक के बाद मिलिट्री और डिप्लोमेटिक लेवल पर और बैठकें होने की उम्मीद है। फिलहाल दोनों पक्ष इस बात पर राजी हैं कि सेनाएं पीछे हटनी चाहिए। यह सीनियर मिलिट्री कमांडर्स लेवल पर दोनों देशों के बीच हुई तीसरी बैठक थी। मकसद था सात हफ्ते से भी लंबे तनाव को दूर करना।

सूत्रों के मुताबिक, एलएसी से डिसएंगेजमेंट की प्रक्रिया जटिल है और ऐसे में अटकलों वाली और अपुष्ट रिपोर्ट्स से बचने की जरूरत है। एक रिपोर्ट कहती है कि चीन ने एलएसी के ईस्टर्न लद्दाख सेक्टर में दो डिविजन तैनात कर दी हैं।

# भारत से टू फ्रंट वॉर की साजिश में चीन-पाक?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लद्दाख में भारत और चीन के बीच जारी तनाव के बीच मौका देखते हुए पाकिस्तान ने गिलगित बाल्टिस्तान में एलओसी के नजदीक सेना की दो डिविजनें को तैनात किया है। पाकिस्तानी सेना के एलओसी के नजदीक लगभग 20 हजार सैनिकों की तैनाती को भारत के ऊपर दबाव बनाने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि पाकिस्तान ऐसी हरकतें चीन के इशारों पर कर रहा है।

**आतंकी संगठनों से बात कर रहा चीनः** रिपोर्ट के अनुसार, चीनी अधिकारी जम्मू-कश्मीर में हिंसा भड़काने के लिए चरमपंथी समूह अल बदर से बातचीत कर रहे हैं, जिससे से साफ संकेत मिलते हैं कि सीमा पर चीन और पाकिस्तान

■ पीओके में 20 हजार जवानों को किया तैनात

मिले हुए हैं। इसी कड़ी में पाक ने कश्मीर के पश्चिमी सीमा पर तनाव बढ़ाने के लिए 20 हजार सैनिकों को तैनात किया है।

**भारत के खिलाफ टू फ्रंट वार की साजिशः** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इस बार पाक ने जितने सैनिकों को तैनात किया है वह बालाकोट एयर स्ट्राइक के दौरान की गई तैनाती से कहीं ज्यादा है। वहीं, पाकिस्तान के एयर डिफेंस रडार भी पूरे क्षेत्र पर 24 घंटे नजर बनाए हुए हैं। पाक और चीन सीमा पर सैनिकों की तैनाती और आतंकवादियों को उकसाने के प्रयासों से भारत को दो फ्रंट और घाटी में आतंकवाद से लड़ना पड़ेगा।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# चीन को एक और झटका

### अब हाइवे प्रॉजेक्ट्स में चाइनीज कंपनी होंगे बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। चीन के खिलाफ आर्थिक कार्रवाई की दिशा में भारत तेजी से बढ़ रहा है। पहले 59 चाइनीज ऐप्स बैन किए गए। अब हाइवे प्रॉजेक्ट में भी चीनी कंपनियों की एंट्री बंद की जाएगी। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत हाइवे प्रॉजेक्ट्स में चीनी कंपनियों की एंट्री को बंद करेगा।

गडकरी ने कहा कि अगर कोई चाइनीज कंपनी जॉइंट वेंचर के रास्ते भी हाइवे प्रॉजेक्ट्स में एंट्री की कोशिश करेगी तो उसे भी रोक दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि सरकार यह भी सुनिश्चित करेगी कि डेप्थ सेक्टर में चाइनीज इन्वेस्टर्स को एंटरटेन नहीं किया जाए।

**नई पहलिसी जल्द लागू की जाएगी** गडकरी ने कहा कि बहुत जल्द एक पॉलिसी लाई जाएगी जिसके आधार पर चाइनीज कंपनियों की एंट्री बंद होगी और भारतीय कंपनियों के लिए नियम आसान बनाए जाएंगे।